हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025

12 जिला बार एसोसिएशन ने मनाया दिवाली उत्सव



13 दलितों पर अत्याचार के खिलाफ किया जिलास्तरीय...



### लाइटवेट सोने की ज्वेलरी की डिमांड में बंपर उछाल
# धनतेरस पर्व को लेकर बाजारों में बना उत्साह, दुकानदार तैयार

**पूजा सामग्री, चांदी की थालियां प्लेट, ग्लास, लोटा, कटोरा और दीपक बार खूब बिक रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

धनतेरस, जिसे शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है और इस दिन लोग खरीदारी करके यह पर्व मनाते हैं। यह पर्व इस बार बाजारों में खास रौनक लेकर आया है। भले ही सोने और चांदी की कीमतों में बीते चार वर्षों में जबरदस्त इजाफा हुआ हो, लेकिन ग्राहकों की खरीदारियों पर इसका असर नहीं दिख रहा। त्योहारी सीजन खासकर धनतेरस पर लाइटवेट सोने की ज्वेलरी की डिमांड में बंपर उछाल देखा गया है।

बाजार में नेकलेस, अंगूठी, मंगलसूत्र, चेन, बाला, पोइला, मंगटीका, झूमका, ईयर रिंग, पायल, सोने-चांदी के सिक्के समेत गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति की अच्छी बिक्री हो रही है और आभूषण विक्रेता व्यापारी भी ग्राहकों के स्वागत को तैयार हैं। दीपावली के कुछ दिन बाद ही देव उठनी से विवाह-शादी शुरू होने के चलते भी लोग दूल्हा-दुल्हन के आभूषणों की खरीददारी अभी से करने में लगे हुए हैं।

धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीद शुभ मानी जाती है। इस मौके पर लोग मुख्य रूप से चांदी के सिक्के, बर्फी के आकार की चांदी की ईंटें, लक्ष्मी गणेश समेत विभिन्न देवी-देवताओं की छोटी मूर्तियां, झूमके, चूड़ियां, मंगलसूत्र और रिंग्स खरीदते हैं। इसके अलावा पूजा सामग्री, चांदी की थालियां, प्लेट, ग्लास, लोटा, कटोरा और दीपक भी इस बार खूब बिक रहे हैं। इस पर्व पर लोग नए कपड़े भी खूब खरीदते हैं। खासकर घरों में प्रयोग होने वाली झाड़ू की भी धनतेरस पर जमकर खरीददारी करते हैं। बाजार में झाड़ू भी कई प्रकार की मौजूद हैं। धनतेरस के मद्देनजर बर्तन बाजार भी सजा हुआ है। धनतेरस को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार में खरीदारी कर रही महिला ग्राहक ने बताया कि हर साल हम कुछ न कुछ नया खरीदते हैं, लेकिन इस बार लाइटवेट ज्वेलरी से बजट में ही अच्छी खरीदारी हो गई। धनतेरस के मद्देनजर चांदी के सिक्के और एक सोने की अंगूठी खरीदी है।





नारनौल। देवी-देवताओं की तैयार मूर्तियां व आभूषण व्यापारी अजीत जैन की दुकान पर पहुंचे ग्राहक। फोटो : हरिभूमि


### एक चांदी का सिक्का दो हजार में

*इस बार सोने-चांदी के भाव निरंतर चढ़ने से इस बार चांदी का 10 ग्राम एक सिक्का करीब 2 हजार रुपये में मिलेगा। पुराना जॉर्ज विक्टोरिया का सिक्का भी महंगा हुआ है। होलमार्क की मूर्ति, बर्तन, सोने व चांदी के जेवर आदि सभी चीजें बाजार में उपलब्ध हैं। पुस्तक गली के समीप सुनारों वाली गली की मार्केट की छोटी-छोटी दुकानों में मोटी खरीददारी चल रही है।*

### भविष्य में मिल सकता है लाभ

*ज्वेलर्स दुकानदारों का मानना है कि मौजूदा समय में कीमतों में गिरावट की कोई संभावना नहीं है। त्योहारी सीजन में जो अभी खरीदारी कर रहे हैं, उन्हें भविष्य में इसका लाभ मिलेगा। ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत जैन ने बताया कि भले ही कीमतें ऊंची हैं, लेकिन सोना-चांदी में लंबे समय के लिए सुरक्षित निवेश है। ऐसे में धनतेरस पर सोना खरीदना फायदे का सौदा साबित हो सकता है। क्योंकि सोने की कीमत में अभी आगे भी उछाल रहेगा, कमी होने की कोई गुंजाईश नहीं है।*

### महिलाओं की आज भी पहली पसंद ज्वेलरी



धनतेरस पर यह खरीदारी केवल परंपरा नहीं, बल्कि सोना-चांदी आज भी महिलाओं के दिल के सबसे करीब है। इस सीजन महिलाओं की पहली पसंद लाइटवेट ट्रेडिशनल ज्वेलरी बनी हुई है। छोटे आकार की, लेकिन आकर्षक डिजाइनों वाली ज्वेलरी की मांग खासकर युवतियों में काफी बढ़ी है। बाजार में हार, झूमके, कंगन, चूड़ियां, कड़े और अंगूठियों के लाइटवेट सेट्स खूब पसंद किए जा रहे हैं। इससे ग्राहकों को कम कीमत में भी सोना खरीदने का मौका मिल रहा है।

# धनतेरस पर्व आजः मां लक्ष्मी, कुबेर, देवता यमराज के साथ धन्वतंरि की होगी पूजा

**मान्यता : पीतल, चांदी या फिर धातु से बनी चीजें खरीदने से कई गुना अधिक शुभ फलों की होती है प्राप्ति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रतिवर्ष धनतेरस का पर्व कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान धन्वंतरि का प्राकट्य हुआ था। इसी के कारण इसे धन्वंतरि जयंती के साथ साथ धन त्रयोदशी भी कहा जाता है। धनतेरस पर मां लक्ष्मी के साथ कुबेर जी, देवता यमराज के साथ धन्वतंरि जी की पूजा की जाती है।

धनतेरस के दिन सोना चांदी के अलावा वाहन, गणेश लक्ष्मी जी मूर्ति, बर्तन, झाड़ू, साबुत धनिया से लेकर कई चीजों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पीतल, चांदी या फिर धातु से बनी चीजें खरीदने से कई गुना अधिक शुभ फलों की प्राप्ति होती है। आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट से होगा, जो 19 अक्टूबर को दोपहर एक बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। अतः रात्रि के समय त्रयोदशी प्राप्त होने के कारण 18 अक्टूबर को ही धनतेरस मनाई जाएगी।

### यमदीप दान का है विशेष महत्व



आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि धनतेरस की रात्रि में यमराज के निमित्त दीपदान करने का विशेष महत्व है। यमदीप दान करने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। जीवन में दीर्घायु, स्वास्थ्यए और स्थिरता आती है तथा नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं। इस दिन दीपक जलाकर दोनों हाथ जोड़कर प्रार्थना करें। दीपक का पूजन करके घर के मुख्य द्वार के बाहर, दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके रखें, क्योंकि दक्षिण दिशा यमराज की दिशा मानी जाती है।

### यमदीप दान का शुभ समय

- शाम 5 :52 से 7 :27 बजे तक।
- रात्रि 9 :01 से 10 :36 बजे तक।

### खरीदारी का शुभ मुहूर्त

- शुभ चौघड़िया सुबह 7 :24 से 9 :20 बजे तक।
- अभिजित मुहूर्त दोपहर 11 :48 से 12 :33 बजे तक।
- लाभ चौघड़यिा मुहूर्त दोपहर 1:36 से 3 :01 बजे तक।
- अमृत चौघड़िया मुहूर्त दोपहर 3 :01 से 4 :27 बजे तक।

### धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर भी होगी रजिस्ट्री

**नारनौल।** हरियाणा सरकार ने धनतेरस के शुभ अवसर पर संपत्ति हस्तांतरण के दस्तावेजों के पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। सरकार के निर्देशानुसारए 18 अक्टूबर को राज्य के सभी सब रजिस्ट्रार और संयुक्त सब रजिस्ट्रार कार्यालय खुले रहेंगे और डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य सामान्य दिनों की तरह किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला के राजस्व अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। धनतेरस के शुभ दिन पर जनता को संपत्ति का पंजीकरण कराने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राज्य दिशा निर्देश जारी हो चुके हैं। सरकार की ओर से जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि सभी सब रजिस्ट्रार कार्यालय व संयुक्त सब रजिस्ट्रार कार्यालय 18 अक्टूबर को कार्य करें। डीसी ने कहा कि जनता की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है और अधिकारियों को इन निर्देशों का पालन अत्यंत आवश्यक मानते हुए करने को कहा गया है। इस निर्णय से उन नागरिकों को विशेष लाभ मिलेगा, जो शुभ मुहूर्त में अपनी संपत्ति का पंजीकरण कराना चाहते हैं।

### आज से सोमवार तक हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति

**नारनौल।** सर्वोच्च न्यायालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और हरियाणा सरकार के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए महेंद्रगढ़ के जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने वर्ष 2025 के लिए जिले में पटाखों की बिक्री व उपयोग को विनियमित करने के लिए तत्काल प्रभाव से आदेश पारित किए हैं। यह आदेश अगले आदेश तक पूरे महेंद्रगढ़ जिले में लागू रहेगा। आदेशों के अनुसार हरित पटाखों की बिक्री केवल 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक ही अनुमति होगी। बिक्री के लिए केवल नेशनल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट की आधिकारिक वेबसाइट पर सूचीबद्ध व पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन की ओर से लाइसेंस प्राप्त हरित पटाखे ही अनुमत होंगे। बेरियम युक्त या नीरी की ओर से अनुमोदित नहीं किए गए पटाखों पर सख्त प्रतिबंध है। इसके अलावा संयुक्त श्रृंखला वाले पटाखे लारिस प्रतिबंधित हैं। ई कॉमर्स के माध्यम से पटाखों की बिक्री व खरीद निषि है।



नारनौल। धरने को संबोधित करते ब्रांच प्रधान रमेश यादव। फोटो : हरिभूमि

### सेलरी नहीं मिलने के विरोध में पब्लिक हेल्थ का धरना

*नारनौल। हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ पब्लिक हेल्थ डिवीजन नंबर एक में कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ घेराव किया गया। इस विरोध प्रदर्शन एवं घेराव की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान रमेश चन्द्र यादव ने की। मंच संचालन जिला प्रेस सचिव रामशरण यादव ने किया। प्रधान रमेश यादव ने कहा कि घेराव का मुख्य कारण कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को अभी तक सैलरी नहीं दी गई है, जबकि दूसरे डिवीजन में सेलरी आ गई है। इस विषय में अधिकारियों से पिछले दस दिनों से बात चीत करते आ रहे हैं, लेकिन वह झूठे आश्वासन दे रहे हैं, जिस कारण लगभग 600 कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी काली दीपावली मनाएंगे। हमारे संगठन ने कल अधिकारी को नोटिस दिया था, लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। आज सीट पर भी नहीं बैठे हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी दोष है। उन्होंने कहा कि जब तक सेलरी नहीं आएगी, तब तक सभी कर्मचारी धरने पर बैठे रहेंगे, जिसमें सचिव राधेश्याम शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद, कृष्ण शर्मा, पवन सैनी, दलिप कुमार, रामचंद्र शर्मा, रणधीर, मास्टर शेरसिंह, सतेन्द्र गोतम, नरेंद्र, नरेश, संजय इंदौरा, नितिन इंदौरा, कृष्ण, सुन्दर पाल, हरिश, पवन, उमाशंकर, वजन सिंह, प्रमोद, अनिल, अरविंद, भूपेंद्र सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।*

### साइबर ठगी के मामलों में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के मामलों में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान शिवम वासी भांखरी, सोनू वासी भांखरी व राहुल वासी भांखरी के रूप में हुई है। साइबर थाना की पुलिस टीम ने आरोपित शिवम को भांखरी क्षेत्र तथा आरोपित सोनू व राहुल को कमानिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ में पता लगाया कि साइबर ठगी के मामले में आरोपित शिवम का खाता प्रयोग हुआ था और आरोपित राहुल व सोनू साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराने का काम करते थे। आरोपित राहुल व सोनू से पुलिस ने पीओएस मशीन, स्कैनर, दो मोबाइल, चार सिम कार्ड, पांच चेकबुक, एक पासबुक और 2 गाड़ियां बरामद की हैं। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता दीपक निवासी गांव खटोटी खुर्द ने बताया कि उसकी गांव भांखरी के बस स्टैंड ग्राहक सेवा केन्द्र की दुकान है। वह साल 2021 से बैंक का रजिस्टर्ड एजेंट है, उसकी आईडी से वह बैंक की ओर से प्रदान सुविधाओं के तहत ऑनलाइन मनी ट्रांसफर व मनी विड्राल का काम करता है। दुकान पर प्रतिदिन ग्राहक ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाने व निकलवाने के लिए आते रहते है। शिकायतकर्ता ने बताया कि नौ अक्टूबर को शिवम कुमार निवासी भांखरी आया। जिसने बताया कि उसको कैश में रुपयों की बहुत जरूरत है, अगर आप अपना क्याआर कोड दे देंगे, तो उसमे रुपये डलवा दूंगा, जो मुझे कैश दे देना। शिकायतकर्ता ने शिवम को क्याआर कोड देने से मना कर दिया और कहा कि अगर आप खुद के खाता से रुपये भेजेंगे, तभी आपको कैश दे सकता है। इसके बाद शिवम ने उसकी दुकान पर आकर उसके करंट अकाउंट के क्याआर कोड पर स्कैन करके तीन बार में 91000 रुपये भेज दिए। इसके बदले में शिकायतकर्ता ने उसको 91000 रुपये कैश दे दिए और शिवम के आधार कार्ड की एक प्रति रिकार्ड के लिए रख ली।

**■ पासबुक चेकबुक व अन्य सामान बरामद**

### विद्यार्थियों को दी जाएगी 50 हजार से एक लाख रुपये तक की सहायता
# 5 छात्र डॉक्टरों व 5 छात्र इंजीनियरों को आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हुडा सेक्टर में स्थित संवेदना चैरिटेबल ट्रस्ट फाउंडेशन जिले के 10 योग्य एवं गरीब इंजीनियरिंग और मेडिकल के विद्यार्थियों को प्रति वर्ष प्रति छात्र 50 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की योजना पर काम कर रहा है, जो शीघ्र ही प्रारम्भ होने जा रही है। ट्रस्ट की इस योजना के अनुसार प्रति वर्ष आईआईटी व एम्स से इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा ले रहे जिले के पांच इंजीनियरों व डॉक्टरों को प्रतिवर्ष प्रति विद्यार्थी एक लाख रुपये की नकद आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसी तरह के सरकारी मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज से ऐसी शिक्षा प्राप्त करने वाले ऐसे पांच इंजीनियरों व डॉक्टरों को 50 हजार रुपये प्रति वर्ष आर्थिक सहायता दी जाएगी।

प्रारंभ में यह सुविधा केवल महेंद्रगढ़ जिले के विद्यार्थियों तक ही सीमित रहेगी, लेकिन भविष्य में इस योजना के विस्तार पर विचार किया जा सकता है। इस आर्थिक सहायता के लिए मुख्य रूप से विद्यार्थी की मेरिट व उसकी आर्थिक स्थिति का मापदंड होगा। इस योजना का मूल उद्देश्य उन छात्रों की मदद करना है जिनके परिवार आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनकी पढ़ाई का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं हैं। अतः प्रथम वरीयता आर्थिक स्थिति होगी।



नारनौल। संवेदना ट्रस्ट। फोटो : हरिभूमि

संवेदना ट्रस्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने बताया है कि संवेदना चैरिटेबल ट्रस्ट फाउंडेशन का गठन मूल रूप से इस क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक क्षेत्रों में काम करने के लिए किया गया था। वर्तमान में ट्रस्ट की ओर से संवेदना मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल संचालित किया जा रहा है, जो उच्च कोटि की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। ट्रस्ट को प्राप्त होने वाली आय से जनहित के कार्य पहले भी किए जाते रहे हैं। ट्रस्ट की ओर से कोरोना काल में लगभग एक महीने तक पांच हजार रुपये प्रति दिन प्रति बिस्तर के हिसाब से तीस बिस्तरों की सुविधा कोरोना के मरीजों के लिए प्रदान की गई थी।

### चार वर्ष के कोर्स के दौरान प्रतिवर्ष दी जाएगी सहायता

यादव ने बताया कि वह स्वयं अपने निजी स्तर पर भी ऐसे ही तीन इंजीनियरिंग के छात्रों की मदद कर रहे हैं, जो उच्च स्तर की संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनमें से एक छात्र अपनी शिक्षा पूरी करके एक बड़ी कंपनी के अच्छे वेतनमान में नौकरी कर रहा है तथा दो वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सहायता योजना के अंतर्गत यह आर्थिक सहायता पूरे चार साल के पूरे कोर्स के दौरान प्रति वर्ष दी जाएगी, लेकिन इसको चालू रखने के लिए प्रतिवर्ष विद्यार्थी को अपनी शैक्षणिक उपलब्धि की सूचना ट्रस्ट को देनी होगी। मूल रूप से इस योजना का उद्देश्य योग्य और परिश्रमी विद्यार्थियों को अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए मदद करना है। उन्होंने कहा कि स्थिति अनुसार ट्रस्ट और भी इस तरह की योजना पर काम करता रहेगा, ताकि क्षेत्र के युवाओं को उनकी योग्यता अनुसार आगे बढ़ने का मौका मिलता रहे।



**खबर संक्षेप**




## रुपए हड़पने के चार आरोपियों को पकड़ा

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के द्वारा जिला पुलिस को जिले में आम नागरिकों से साईबर धोखाधड़ी करके उनके रुपए ऐठने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर, ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए थाना साईबर क्राईम पुलिस ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बंशीलाल पुत्र धानीराम जिला आगरा उत्तर प्रदेश, अरुण कुमार पुत्र अवधेश कुमार जिला आगरा उत्तर प्रदेश, आरिफ पुत्र पप्पू निवासी आगरा उत्तर प्रदेश व लोकेंद्र पुत्र ओमपाल सिंह निवासी श्याम नगर जिला आगरा उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

### विजेताओं को बाल दिवस पर 14 नवंबर को उपायुक्त करेंगे सम्मानित

# जिलास्तरीय प्रतियोगिता के पांचवें दिन 250 बच्चों ने लिया भाग

सभी विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल महोत्सव समारोह 14 नवम्बर को उपायुक्त की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में बाल भवन में आयोजित छह दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता की श्रृंखला के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप, फैंसी ड्रैस प्रथम ग्रुप व बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम व द्वितीय ग्रुप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में जिलेभर के 32 सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के 250 बच्चों ने भाग लिया। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चें डिवीजनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगें तथा फैंसी ड्रैस प्रथम ग्रुप व बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम व द्वितीय ग्रुप प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चें सीधे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। जिनके आयोजन की तिथि व स्थान की जानकारी आगे दे दी जाएगी तथा सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल महोत्सव समारोह 14 नवम्बर को उपायुक्त की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आज की फैंसी ड्रैस प्रथम ग्रुप व बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम व द्वितीय ग्रुप प्रतियोगिताओं में निर्णायकों की भूमिका में डॉ. कुसुमलता, वन्दना शर्मा व रामबिलास सैनी ने निभाई तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में होस्ट की भूमिका भारत भूषण वालिया, रोहताश सिंह रंगा परियोजना निदेशक नशा मुक्ति केन्द्र ने निभाई। इस मौके पर विपिन शर्मा पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी, विवेक कुमार कार्यक्रम अधिकारी, मनीष कुमार लेखाकार, सुरेन्द्र शर्मा लिपिक, अनीता देवी लिपिक तथा समस्त बाल भवन स्टाफ सदस्य मौजूद थे।







नारनौल। प्रतियोगिताओं में भाग लेते छात्र छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

फैंसी ड्रेस प्रथम ग्रुप प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ़ के रिषभ ने प्रथम, यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल के गर्व शर्मा ने द्वितीय, आरपीएस स्कूल की चेतना ने तृतीय, आरपीएस स्कूल कनीना की कासवी ने सांत्वना प्रथम व एएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की यशवी ने सांत्वना द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम ग्रुप प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल ईरा ने प्रथम, हैप्पी एवर ग्रीन स्कूल महेन्द्रगढ की अनन्या ने द्वितीय व बीपीएस स्कूल की दिव्यांशी ठाकुर ने तृतीय, रामचन्द्र पब्लिक स्कूल कनीना की नव्या ने सांत्वना प्रथम व आरपीएस स्कूल कनीना की पल्लवी यादव ने सांत्वना द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोतरी द्वितीय ग्रुप प्रतियोगिता की सीएल पब्लिक स्कूल की टीम ने प्रथम, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल कनीना की टीम ने द्वितीय, आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ़ की टीम ने तृतीय व बीआर पब्लिक स्कूल बाछौद की टीम ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोतरी तृतीय ग्रुप प्रतियोगिता की आरपीएस स्कूल की टीम ने प्रथम, यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल की टीम ने द्वितीय, रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना की टीम ने तृतीय व हैप्पी ऐवरग्रीन स्कूल महेन्द्रगढ़ की टीम ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोतरी चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिता की आरपीएस स्कूल महेन्द्रगढ़ की टीम ने प्रथम, आरआरसीएम स्कूल कनीना की टीम ने द्वितीय, एमएलएस डीएवी स्कूल की टीम ने तृतीय व अरावली इंटरनेशनल स्कूल महेन्द्रगढ़ की टीम ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया।



महेंद्रगढ़। आयोजित होने वाले मेले की तैयारी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बीआर स्कूल सेहलंग में दीवाली मेला आज

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में शनिवार को दीवाली मेला आयोजित किया जाएगा। प्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने बताया कि मेले में विद्यालय के साथ-साथ विद्यार्थियों, अभिभावक और स्थानीय समुदाय के लिए एक विशेष उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। आयोजन में सांस्कृतिक, शैक्षिक और मनोरंजन से जुड़ी विविध गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मेले में आगंतुकों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए जाएंगे, जिनमें बच्चे और बड़े सभी आनंद ले सकेंगे।

## युवा मरीज की स्पाइन सर्जरी सफलतापूर्वक की

**नारनौल।** रेनबो सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक युवा मरीज की स्पाइन सर्जरी सफलतापूर्वक की है। जिसके बाद युवा बिना किसी सहारे के चल फिर पा रहा है। राजस्थान के गांव हासामपुर (पाटन) निवासी अरविंद प्रजापत 25 अप्रैल 2025 को पेड़ से गिर गया था, जिसकी वजह से उनको चोट लगने के कारण उल्टे पैर में फ्रैक्चर हो गया था। इसके पश्चात उन्होंने कोटपूतली से अपना उपचार करवाया। लगभग एक महीने के बेड रेस्ट के बाद भी अरविंद को आराम नहीं मिल रहा था, जिसके बाद उन्होंने जयपुर में दिखाया, वहां पर उन्होंने एमआरआई जांच करवाई। जांच करने पर उनके रीढ़ की हड्डी में एल2 वर्टेब्रा में फ्रैक्चर बताया गया व ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई। जिसके पश्चात उन्होंने करीब दो महीने तक अलग-अलग उपाय किए, परंतु उनका कोई आराम नहीं मिला, जबकि उसके पैर में काफी दर्द बढ़ गया और सुन्नपन आ गया था, लेकिन अब ठीक है।

**दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना**

# 25 तक अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं का पंजीकरण युद्धस्तर पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि 25 अक्टूबर तक जिले में अधिकतम पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन पूर्ण होना चाहिए। एडीसी ने निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि बीडीपीओ और सरपंचों के माध्यम से गांव गांव में पात्र महिलाओं तक व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करवाने की सूचना भिजवाई जाए।

### 72 हजार पात्र महिलाओं का होना है रजिस्ट्रेशन

उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के पास सूचना पहुंच जाती है, उनका पंजीकरण ग्राम स्तर पर बैठे सीपीएलओ के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। एडीसी ने कहा कि मुख्यालय से प्राप्त पात्र महिलाओं की सूची को तत्काल गांवों में सरपंचों तक पहुंचाकर उनके पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक प्राप्त सूची के अनुसार जिले में लगभग 72 हजार पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन इस योजना के तहत होना है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 23 हजार महिलाओं ने ही इस योजना के लिए स्वयं को पंजीकृत किया है।

### पात्र महिला योजना से न रहे वंचित

अमित शर्मा ने शेष बची हुई पात्र महिलाओं का पंजीकरण जल्द से जल्द करवाने की आवश्यकता पर जोर दिया। एडीसी उदय सिंह ने दो टूक कहा कि कोई भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहनी चाहिए। सभी अधिकारी निर्धारित समय सीमा में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। इस मौके पर बीडीपीओ नवनीत कुमार, बीडीपीओ रेनू लता, बीडीपीओ सचिन, अटेली नगर पालिका के सचिव व महेंद्रगढ़ नगर पालिका के सचिव सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# हकेंवि में दस दिवसीय ज्ञान पाठ्यक्रम का हुआ समापन



महेंद्रगढ़। ज्ञान कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं नवाचार विषय पर आयोजित 10 दिवसीय ज्ञान ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ अकादमिक नेटवर्क्स पाठ्यक्रम का समापन हो गया। यह कार्यक्रम स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज के अंतर्गत आयोजित किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह एवं विश्व खाद्य दिवस पर आयोजित होने के कारण इसकी प्रासंगिकता को बढ़ा दिया। कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने की। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान तथा पुर्तगाल के लुसोफोन यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटीज एंड टेक्नोलॉजीज, लिस्बन के डॉ. एंटोनियो रापोसो भी उपस्थित रहे। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. तेजपाल ढेवा ने दस दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि दस दिवसीय इस आयोजन में देशभर से आए 57 प्रतिभागियों ने 24 व्याख्यान, आठ ट्यूटोरियल और दो प्रायोगिक सत्रों में प्रतिभागिता की। आयोजन में प्रतिभागियों ने एक खाद्य उद्योग इकाई का भी भ्रमण किया। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. रापोसो ने वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा एवं पोषण से जुड़ी नीतियों एवं चुनौतियों पर मूल्यवान जानकारी साझा की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यावहारिक प्रासंगिकता की सराहना की।

## टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त डाइट किट की वितरित

**कनीना।** टीबी को समाप्त करने के मकसद से विभिन्न सामाजिक संगठनों व समाज के प्रबुद्धजनों की ओर से टीबी मरीजों को गोद लिया हुआ है। जिन्हें प्रतिमाह प्रोटीन युक्त डाइट प्रदान की जा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से क्षय रोग उन्मूलन को लेकर तेजी से सामूहिक रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा की ओर से इस अभियान में सहयोग किया जा रहा है। ऐसे चिन्हित व्यक्तियों को पोषणयुक्त डाइट प्रदान की जा रही है। शुक्रवार को उन्होंने पोषण किट प्रदान करते हुए कहा कि क्षय रोगियों के स्वास्थ्य को ठीक कर जल्द ही उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाएगा।



कनीना। प्रोटीन युक्त डाइट किट प्रदान करती नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा। फोटो : हरिभूमि

# रौनक का आरएएस में चयन, पगड़ी पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सिंघाना मार्ग पेट्रोल पंप के सामने दक्ष प्रॉपर्टी कार्यालय में आरएएस में चयनित सुरेंद्र चौधरी की भतीजी रौनक का फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

चौधरी ने बताया कि गांव झारोदा राजस्थान निवासी आर्मी में कार्यरत विजय कुमार की पुत्री रौनक का आरएएस की परीक्षा में चयन होने पर समाज के गणमान्य जनों ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि रौनक की शुरू की पढ़ाई ग्रामीण क्षेत्र में हुई थी तथा वह पढ़ाई में शुरू से ही अच्छी थी। उन्होंने बताया कि रौनक ने 2018 में बीएससी की पास की थी। उसके बाद दूसरे प्रयास में रौनक ने आरएएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। उपस्थित लोगों ने रौनक की उपलब्धि को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर छोटेलाल गहली, झारोदा के सरपंच मनोज कुमार, सुरेश कुमार, उदय कुमार, मनोज कुमार, घासीराम, नगेश, घीसाराम, रामकृष्ण, मनोज कुमार उपस्थित थे।



नारनौल। आरएएस में चयनित रौनक का स्वागत करते गणमान्य जन। फोटो : हरिभूमि

### जिला बार एसोसिएशन के सचिव प्रदीप यादव ने किया कार्यक्रम का संचालन

# जिला बार एसोसिएशन ने मनाया दीपावली उत्सव

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला बार एसोसिएशन की ओर से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन बार रूम में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान जिला बार एसोसिएशन संतोख सिंह यादव ने की। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र शूरा सहित न्यायिक अधिकारियों में हर्षाली चौधरी एडिशनल सेशन जज, नितिन राज एडिशनल सेशन जज, केपी सिंह एडिशनल सेशन जज, विक्रम जीत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जतिन गुजराल एडिशनल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डॉ. कोपल चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, गुरमीत कौर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अनुराग यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, भुवनेश सैनी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उपस्थित रहे।

वहीं जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन जिला बार एसोसिएशन के सचिव प्रदीप यादव ने किया।



नारनौल। कार्यक्रम में अधिवक्तओं को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### उपायुक्त को एक सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा

इस अवसर पर उपप्रधान विकास सांगवान, सहसचिव चंद्रदेव यादव, खजांची सुगन सिंह, ऑडिटर कार्तिक यादव, लाइब्रेरियन प्रमिंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे। प्रधान संतोख सिंह यादव ने सेशन जज, उपायुक्त व अन्य अतिथियों का बार रूम में पहुंचने पर स्वागत किया तथा विशेष रूप से नए अधिवक्ता चैंबर व पार्किंग व्यवस्था से संबंधित मांगों पर दिए गए पूर्ण सहयोग हेतु सेशन जज, उपायुक्त व इंस्पेक्टिंग जज का विशेष व्यक्त किया। प्रधान जिला बार एसोसिएशन ने उपायुक्त को एक सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें न्यायालय परिसर में स्थित पुराने लिटिगेंट हॉल के समीप की जगह पर मिट्टी भराव, समतलीकरण व टाइलिंग कार्य करवाने का अनुरोध किया गया। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि नवंबर माह में यह कार्य पूर्ण करवा दिया जाएगा। सेशन जज व उपायुक्त ने सभी अधिवक्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## अज्ञात हमलावरों ने की फायरिंग

**भिवानी।** बहल क्षेत्र के गांव पातवान में अज्ञात हमलावरों ने एक घर के सामने फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस से मौके पर जाकर घटना की जांच की और मौके से जिंदा कारतूस व गोलियों के खोल बरामद किए है, पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस में दी शिकायत में दिनेश पुत्र बलबीर निवासी पातवान ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है। बीती रात वह अपने पिता व मां के साथ घर पर सोया हुआ था। रात करीब तीन बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी, लेकिन दिवाली का समय समझकर उसने ध्यान नहीं दिया। सुबह उसने बाहर निकलकर देख तो उसके घर के बाहर गोलियों के खोल और निशान देखे। इसके साथ ही रास्ते पर मोटरसाइकिल के टायरों के निशान भी मिले। दिनेश ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रंजिशवश उसे डराने या धमकाने की नियत से हवाई फायरिंग की है। सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को मौके का निरीक्षण किया मौके से 3 जिंदा व 3 चली हुई गोलियां बरामद की हैं।

# राजकीय महाविद्यालय में जान बचाने को लेकर दिया सीपीआर प्रशिक्षण



महेंद्रगढ़। छात्राओं को प्रशिक्षण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ तथा रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जीवन रक्षक तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें आपातकालीन स्थितियों में आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उच्चत्तर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि सीपीआर का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है, क्योंकि आपातकालीन परिस्थितियों में यह तकनीक किसी की जान बचाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती है। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रभारी डॉ. पविता यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण हृदयाघात जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में जीवनदान प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के समक्ष सीपीआर की विधि का लाइव प्रदर्शन करते हुए इसके व्यावहारिक पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर उपप्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव, एनएसएस प्रभारी डॉ. बलजीत सिंह, प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. सोमवीर, डॉ. मुकेश यादव, प्रो. विकास, डॉ. जितेंद्र सिंह, प्रो. हीरा सिंह, डॉ. परमित कुमारी, डॉ. मुकेश कुमारी, डॉ. संदीप कुमारी, डॉ. अश्वनी, डॉ. रविंद्र कुमार, प्रो. अजय पाल, डॉ. अनीता यादव, डॉ. पिंकी, डॉ. विजया बाई, डॉ. अनूप कुमारी, डॉ. अंजु कुमारी, डॉ. रेनू यादव, डॉ. अरुण भारत, डॉ. विकास गुप्ता, ईश्वर यादव उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## अटेली मंडी में मिलन समारोह का आयोजन

**नारनौल।** अटेली मंडी में भव्य दिवाली उत्सव सम्मान एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अटेली मंडी में पंच, सरपंच, नंबरदार, चौकीदार, जिला परिषद समिति के प्रधान एवं सदस्यों के साथ गांव के सभी गणमान्य नागरिक व समाजसेवी भारी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर मिलन समारोह व दीपावली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चौधरी धर्मबीर थे। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी मुख्य अतिथियों का धन्यवाद किया और उपस्थित अतिथियों, पंचायत प्रतिनिधियों, चौकीदारों व गांव के गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस मिलन समारोह व दीपावली उत्सव में आप सभी का योगदान सामाजिक एकता व सौहार्द का प्रतीक है। आइए हम सब मिलकर अपने समाज व गांव को एकजुट और खुशहाल बनाए।

## ओशिन शुक्ला के सह लेखन में पुस्तक प्रकाशित


**नारनौल।** युवा कवि एवं प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की साहित्यिक इकाई के प्रभारी ओशिन शुक्ला की सह लेखक के रूप में छठी पुस्तक एक चिट्ठी भारत मां के नाम प्रकाशित हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि ओशिन शुक्ला पांच पुस्तकों में सह लेखक की भूमिका निभाने के साथ एक पुस्तक स्वरांजली का संकलन भी कर चुके हैं। प्रत्येक लेखक के लिए अपनी रचनाओं का प्रकाशन होना बेहद खुशी का अवसर होता है। ट्रस्ट ने उनका अभिनंदन किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि ओशिन अपने मधुर स्वर और राष्ट्रवादी कविताओं के लिए जाने जाते हैं और उनका नाम क्षेत्र के चुनिंदा उभरते कवियों में शामिल है। इस मौके पर पद्मश्री से अलंकृत वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतराम देशवाल, हास्य व्यंग्य सम्राट हलचल हरियाणवी, राजकीय महाविद्यालय से डॉ. सत्यपाल सुलोदिया, पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. चंद्रमोहन, पवन शुक्ला, त्रिलोक फतेहपुरी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान भीमसेन शर्मा आदि मौजूद थे।

## नागरिकों ने वर्चुअल माध्यम से सुना सीएम नायब सिंह सैनी का संबोधन

# म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा के एक साल पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन

- जिलास्तरीय कार्यक्रम में सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने 306 लाभार्थियों को सौंपे आवंटन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। सरकार की एक साल की उपलब्धियों पर केंद्रित बुकलेट का विमोचन करते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह व विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछले एक साल में अपने 46 संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाया है। बाकी संकल्पों को भी इसी गति से पूरा किया जाएगा।

डबल इंजन की सरकार ने पिछले लगभग 11 वर्षों में देश व प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सांसद शुक्रवार को सभागार में म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा के एक साल पूरे होने पर जन विश्वास जन विकास गौरवमयी एक वर्ष के जिला स्तरीय समारोह में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधायक ओमप्रकाश यादव व उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर सरकार के तीसरे कार्यकाल की एक साल की उपलब्धियों पर केंद्रित सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से तैयार की गई बुकलेट का विमोचन किया। वहीं पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का वर्चुअल माध्यम से संदेश सुना गया। इस अवसर पर जिले के नौ गांवों के 306 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के आवंटन पत्र वितरित किए गए।

सांसद ने बधाई देते हुए कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय की परंपराओं के अनुरूप सर्वव्यापी विकास हो रहा है। सरकार विश्व स्तरीय आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। हरियाणा का सम्पूर्ण विकास राष्ट्र के व्यापक विकास के लिए जरूरी है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में हरियाणा की अहम भूमिका रहेगी।

### जलस्तर में आया अभूतपूर्व बदलाव

*सांसद ने विशेषकर दक्षिणी हरियाणा में सिंचाई परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ वर्षों पहले जहां दक्षिणी हरियाणा में लगातार डार्क जोन बढ़ता जा रहा था। वहीं आज सरकार की नीतियों के बदौलत जलस्तर में अभूतपूर्व बदलाव आया है। इससे यहां के किसान आर्थिक तौर पर मजबूत हुए हैं। सरकार किसानों को सौर ऊर्जा पंप की स्थापना के लिए 75 प्रतिशत तथा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के लिए 85 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ उदय सिंह, जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, जिला नगर आयुक्त रणवीर सिंह के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।*



नारनौल। रंगोली बनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में हुई रंगोली स्पर्धा

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में दीपावली महोत्सव के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग कक्षा छठी से आठवीं व सीनियर वर्ग कक्षा नौवीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने अपनी कलात्मकता और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए रंगोली के माध्यम से दीपावली के त्योहार के महत्व को उजागर किया। रंगोली की सुंदरता और विविधता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के अध्यापकों व छात्रों ने इस प्रतियोगिता का आनंद लिया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों की कलात्मकता को बढ़ावा देने और उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल करने में मदद करती है। सीनियर वर्ग में नौवीं टारगेट एक ने प्रथम, 11वीं कॉमर्स संकाय ने दूसरा तथा नौवीं एफ वन ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर वर्ग में सातवीं टारगेट एक ने प्रथम, छठी टारगेट वन ने दूसरा तथा आठवीं टारगेट दो ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने दीपावली की बधाई दी।

## नेताजी सुभाष पार्क से होते हुए लघु सचिवालय पहुंचे, डीसी को सौंपा ज्ञापन

# दलितों पर अत्याचार के खिलाफ किया जिलास्तरीय आक्रोश प्रदर्शन

**वाई पूर्ण कुमार, बीआर गवई व हरिओम वाल्मीकि समेत विभिन्न जातिगत घटनाओं के विरोध में जिला मुख्यालय पर की नारेबाजी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल





नारनौल। आक्रोश प्रदर्शन में भाग लेने पहुंचे लोग डीसी कैप्टन मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

आईपीएस वाई पूरन कुमार सुसाइड समेत घटित जातिगत भेदभाव एवं दलितों पर अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को मुख्यालय पर जिला स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन में एससीएसटी समाज के विभिन्न संगठनों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में एकत्रित हुए तथा वहां से नारेबाजी करते हुए महावीर चौक से होकर लघु सचिवालय पहुंचे। लघु सचिवालय में उन्होंने डीसी को ही ज्ञापन देने की शर्त रखी, लेकिन उस समय डीसी सरकारी कार्यक्रम में व्यस्त होने के चलते मौजूद नहीं थे, जिस कारण वह करीब एक घंटे तक लघु सचिवालय के पोर्च में डटे रहे। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की और सरकारी तंत्र पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने भाजपा सरकार मुर्दाबाद एवं मनुवाद मुर्दाबाद समेत अनेक नारे लगाए। बाद में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार मौके पर पहुंचे तथा उन्हें पूर्व एडीजीपी वाई पूरण कुमार आत्महत्या मामले के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने और उत्तर प्रदेश में हरिओम वाल्मीकि की हत्या करने के मामलों में संलिप्त दोषियों को गिरफ्तार के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के मुख्यमंत्रियों को नाम ज्ञापन सौंपा तथा यथाशीघ्र कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक हरिसिंह बड़कोदिया ने की, जबकि संचालन सुरेंद्र अंबेडकर द्वारा किया गया।

मीडिया से बात करते हुए अध्यक्ष हरिसिंह बड़कोदिया ने बताया कि देश में उपेक्षित समाज पर जाति आधारित भेदभाव, शोषण, अत्याचार व उत्पीड़न की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं, जो अत्यंत दर्दनाक व इंसानियत को झकझोरने वाली घटनाएं हैं। इस जातिगत उत्पीड़न से तंग होकर गत सात अक्टूबर को एडीजीपी जैसे बड़े रैंक के उच्चाधिकारी आईपीएस वाईपूरण कुमार को मौत को गले लगाने को मजबूर होना पड़ा। आईपीएस होने के बावजूद डीजीपी जैसे रैंक के बड़े अधिकारी एवं उनकी लॉबी द्वारा उत्पीड़न किया गया। बड़े अफसोस की बात है कि उन्हें हर कदम पर भेदभाव झेलना पड़ा। उन्हें कभी मुख्यधारा के पद नहीं दिए गए। उनके पिता के बीमार होने पर अंतिम दिनों में उन्हें छुट्टी तक नहीं दी गई। उन्हें क्वार्टर अलॉटमेंट में तीन आईपीएस अधिकारियों की तुलना में दोयम दर्जे का क्वार्टर अलॉट किया गया। उनके साथ हर कदम पर भेदभाव किया गया, जिसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट के माध्यम से आवाज भी उठाई। उन्होंने सुसाइड नोट में आपबीती सच्ची घटनाएं बताई हैं तथा उसके आधार पर आरोपितों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। बड़े दुख की बात है कि सरकार भी अपराधियों का संरक्षण कर रही है। सीधी सी बात है कि जब डीजीपी, एसपी जैसे रैंक के अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज हुई है तो पदों पर रहते हुए जांच प्रभावित होने का पूरा खतरा रहेगा।

### इन्होंने लिया भाग

*इस प्रदर्शन में एससीएसटी कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान जयनारायण दुग्गल, डा. शिवताज सिंह, ओपी डहीनवाल, रामस्वरूप बड़बड़, जसवंत भाटी, सरजीत नंबरदार, कैलाश जाखड़, ओपी दायमा, हरबंश लाल चौधरी, अशोक दास, जयसिंह नारनौलिया, बिड़दीचंद गोठवाल, चंदनसिंह जालवान, शिवनारायण मोरवाल, महेंद्र खन्ना, कंवरसिंह नेताजी, सुंदरलाल जोरासिया, रामौतार डाडैया, महीपाल डाडैया, भूपसिंह भारती, प्रेम यादव, महेश यादव, रोशनी सरपंच, अमरसिंह निम्होरिया, राजपाल गोरा, साधुराम, महावीर महायच, दलीपसिंह, सुनील पागल, जगराम कालिया, शेरसिंह, प्रेमलता, कमला सूंठवाल, अशोक नारनौलिया व भीम भरोसे आदि समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।*



## वाई पूरण कुमार के आरोपितों को सजा दिलाने की मांग

**नारनौल।** हरियाणा के पूर्व एडीजीपी वाई पूरण कुमार आत्महत्या मामले में शामिल आरोपितों को कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर के किसान नेता बलबीर सिंह व मजदूर नेता सीताराम की अगुवाई में उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिरुद्ध यादव के माध्यम मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर मांग की। कामरेड बलबीर सिंह ने कहा कि इस आत्महत्या प्रकरण में शामिल सभी आरोपितों को उजागर करने के लिए सीबीआई जांच की जाए। प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारे लगाए एडीजीपी एवाई पूरण कुमार को न्याय दो, समाज में हर स्तर पर पहले भयंकर अपराध पर रोक लगाओ, राज्य में जनता की जान माल की सुरक्षा की गारंटी दो। इस मौके पर दोनों नेताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में अपराध चरम पर है। आम आदमी के जान माल की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। वाई पूरण कुमार के आत्महत्या करने पर यह साबित हो गया है कि समाज में हर स्तर पर जातीय भेदभाव व्याप्त है। इसलिए जरूरी है कि हर तरह के भेदभाव को समाप्त करने के लिए कारगर खत्म उठाया जाए व अपराध पर रोक लगाई जाए।



नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## सरस्वती स्कूल में दीपोत्सव मनाया

*नारनौल। दीपावली की पूर्व संध्या पर सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुल बाजार में दीपावली पर्व धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को रंग बिरंगी झालरों, दीपों व रंगोलियों से सजाया गया। जिससे पूरा वातावरण एक सांस्कृतिक रंग में रंग गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुति अयोध्या में श्रीराम का आगमन को खूब सराहा। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने दीपावली के आध्यात्मिक व सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा छात्रों से आह्नान किया कि वे पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए हरित दीपावली मनाएं।*

# श्रीकृष्णा स्कूल में रंगोली व दीप जलाओ प्रतियोगिता आयोजित

*रंगोली बनाना एक कला, हिंदू धर्म में सुख समृद्धि का प्रतीक होती है रंगोली: डॉ. बीरसिंह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रतिभागियों को सम्मानित करते बीरसिंह यादव व हेड सुरेंद्र कुमार।

श्रीकृष्णा स्कूल में दीपावली महोत्सव को लेकर रंगोली सजाओ व दीप जलाओ प्रतियोगिता का आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. बीरसिंह यादव, विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई।

मिडल हैड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा छठी से परिधी, वंशिका प्रथम, राखी ने दूसरा तथा सारिका व दीव्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से हर्षिता, महक प्रथम व कक्षा नौवीं कोहिनूर व निधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि दीया प्रतियोगिता में कक्षा छठी से पलक प्रथम, द्वितीय वर्षा व अक्षिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सातवीं कक्षा से अर्नव प्रथम, विनीता ने दूसरा व तानिया, डेजी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से गुंजन प्रथम, मानव ने दूसरा व वंशिका, तानिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से विनीता प्रथम, हिमांशी ने दूसरा व राधिका व खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर प्राथमिक विभाग में दीया जलाओ प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से दक्ष, नव्या प्रथम, रितिक ने दूसरा व तन्वी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## गैलेक्सी स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**महेंद्रगढ़।** गांव बवानियां स्थित गैलेक्सी स्कूल में रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य करन सिंह को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में किड्स से लेकर तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता स्कूल में खासकर छोटे बच्चों के बीच एक लोकप्रिय गतिविधि है। छात्र बेसब्री से इसका इंतजार करते हैं, क्योंकि यह उन्हें अपने पसंदीदा किरदारों की तरह वेशभूषा पहनकर और अभिनय करके अपनी कल्पना को जीने का मौका देती है। वे एक आरामदायक माहौल में नए विचारों और व्यवहारों को परखने में सक्षम होते हैं। चेयरमैन दरियाव सिंह ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और मंच कौशल विकसित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी ऐसे आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान समस्त प्राइमरी स्टॉक उपस्थित रहा।

# यदुवंशी स्कूल में दीवाली उत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित

*कार्यक्रम में मुख्यातिथि सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने शिरकत की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी स्कूल में दीवाली उत्सव पर सम्मान एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने शिरकत की। कनीना में आयोजित कार्यक्रम, जहां पर नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा कनीना, नगर पालिका पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र लोढा के सम्मानीय को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी को आगे जोड़ते हुए कार्यक्रम महेन्द्रगढ़ में आयोजित किया गया, जहां विधायक कंवर सिंह यादव ने मुख्यातिथि शिरकत की। साथ ही यादव सभा प्रधान अभय राम यादव, जिला पार्षद संतोष जिला पार्षद, पाली सरपंच देशराज ने कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। महेन्द्रगढ़ में जिला पार्षद पंच, सरपंच व अन्य लोगों को सम्मानित किया। विधायक कंवर सिंह यादव व यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह अपनी समस्त टीम के साथ सतनाली पहुंचे, जहां बाबा बचनाई नाथ जिला पार्षद, मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ शेखावत व ब्लॉक समिति चेयरपर्सन मोनिका ने शिरकत की। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने दीपावली के पर्व का सच्चा संदेश-अंधकार पर प्रकाश की ओर बढ़ने को जीवन में अपनाने को कहा। हमें अपने अंदर के अज्ञान, ईर्ष्या और द्वेष रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान, प्रेम और सद्भावना के दीप जलाने चाहिए।



महेंद्रगढ़। स्टॉल का भ्रमण करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी स्कूल में दिवाली मेला समारोह आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राइमरी विंग में शुक्रवार को उमंग 2025 दीवाली मेला समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर दीपों की जगमगाहट और बच्चों की मुस्कान से सराबोर नजर आया। छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विद्यालय प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, संचालक सुभाषचंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य डॉ. जेएस कुंतल उपस्थित रहे। मेले में विद्यार्थियों ने अपने उत्साह और रचनात्मकता से विविध आकर्षक स्टॉल लगाई, जिनमें पानी पुरी, छोले-कुलचे, भेलपूरी, पिज्जा, पास्ता, केक-पेस्ट्री, चाट-पापड़ी, खिलौने, रंगोली डिजाइन, दीप सजावट जैसे अनेक स्टॉल प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने। विद्यालय परिसर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बनाने के लिए विद्यार्थियों ने फन गेम्स का आयोजन किया। रिंग गेम, बैलून शूट, स्पिन द व्ही, टॉस द ग्लास जैसी गतिविधियों ने पूरे वातावरण में मस्ती और जोश भर दिया। विजेताओं को आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया गया।

**मंथन** — इस साल 88 लाख रुपये की राशि पीड़ितों को वापस दिलवाई

# एसपी ने बैंक प्रबंधकों के साथ की बैठक

- 1.5 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाने की प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक करती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने शुक्रवार को साइबर अपराध की घटनाओं पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने व ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी बैंक प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

डीएसपी सुरेश कुमार भी मौजूद रहे। लघु सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित इस बैठक का मुख्य जोर साइबर ठगी के मामलों में पुलिस व बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर रहा, ताकि पीड़ित व्यक्तियों को उनकी गंवाई गई राशि जल्द से जल्द वापस दिलवाई जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने बैंक प्रबंधकों को कहा कि जैसे ही कोई पीड़ित साइबर अपराध की शिकायत लेकर बैंक या पुलिस के पास आता है, तो राशि को फ्रीज कराने और ट्रांजेक्शन को रिवर्स कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए पुलिस का पूर्ण सहयोग करें। एसपी वशिष्ठ ने जोर दिया कि बैंक यह सुनिश्चित करें कि उनके स्टाफ को साइबर अपराध से संबंधित प्रोटोकॉल तथा पुलिस के साथ समन्वय की प्रक्रिया की पूरी जानकारी हो। उन्होंने बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे अपने ग्राहकों को भी ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक करें, ताकि वे ठगी का शिकार न हों। साइबर थाना से निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार और सब इंस्पेक्टर सुधीर भी उपस्थित रहे।

### एटीएम सुरक्षा पर चर्चा

बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक में बैंक व एटीएम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत बैंक परिसरों और एटीएम बूथों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे हों तथा यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि वे हर समय कार्यरत रहें। फुटेज का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। इसके अतिरिक्त सभी बैंक शाखाओं व एटीएम में एक त्वरित प्रतिक्रिया अलार्म प्रणाली को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय पुलिस स्टेशन को तुरंत सूचित किया जा सके। बैंकों को नकदी जमा करने, निकालने के दौरान मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत रिपोर्ट करने को कहा।



नारनौल। गुरु द्रोणाचार्य स्कूल के विजेता विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नारनौल।** गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जोनल में अपना स्थान पक्का किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अजय कुमार व प्राचार्य नेतराम सैनी ने बच्चों को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने जोनल स्तर पर भी अच्छी तैयारी करके उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस टीम में जिया पुत्री गौरीशंकर, मनीषा पुत्री महेंद्र सिंह व धीरज पुत्र सतपाल ने भाग लिया। इस मौके पर संस्था के वाइस चेयरमैन कुलदीप सैनी, मैनेजिंग डायरेक्टर पूजन सैनी, कमल सिंह, सुनीता यादव, कोमल शर्मा, पूजा, पूनम सैनी, लक्ष्मी शर्मा, निशा सैनी, कृष्ण कुमार, धर्मपाल, अंकित सैनी, प्रवीण सैनी, हेमंत सैनी, निशा यादव, मधु, रिया, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं सुरेंद्र कुमार पुत्र राम अवतार वासी मोहल्ला पीर आगा श्याम कालोनी नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री संध्या मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में लडाई—झगडा करती रहती है। इसलिए मै उसको अपनी चल—अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# आपको सफलता और खुशी से जगमगाते धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

## नारनौल-महेंद्रगढ़

**कार्तिक कृष्ण** पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन धनतेरस का पर्व पूरी श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया जाता है। धनवंतरी के अलावा इस दिन,देवी लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की भी पूजा करने की मान्यता है। इस दिन को मनाने के पीछे धनवंतरी के जन्म लेने की कथा के अलावा, इसके बारे में एक दूसरी कहानी भी प्रचलित है। **कहा जाता है** कि एक समय भगवान विष्णु मृत्युलोक में विचरण करने के लिए आ रहे थे तब लक्ष्मी जी ने भी उनसे साथ चलने का आग्रह किया। तब विष्णु जी ने कहा कि यदि मैं जो बात कहूं तुम अगर वैसा ही मानो तो फिर चलो। तब लक्ष्मी जी उनकी बात मान गईं और भगवान विष्णु के साथ भूमंडल पर आ गईं। कुछ देर बाद एक जगह पर पहुंचकर भगवान विष्णु ने लक्ष्मी जी से कहा कि जब तक मैं न आऊं तुम यहां ठहरो। मैं दक्षिण दिशा की ओर जा रहा हूं,तुम उधर मत आना। विष्णुजी के जाने पर लक्ष्मी के मन में कौतुहल जागा कि आखिर दक्षिण दिशा में ऐसा क्या रहस्य है जो मुझे मना किया गया है और भगवान स्वयं चले गए। लक्ष्मी जी से रहा न गया और जैसे ही भगवान आगे बढ़े लक्ष्मी भी पीछे–पीछे चल पड़ीं। कुछ ही आगे जाने पर उन्हें सरसों का एक खेत दिखाई दिया जिसमें खूब फूल लगे थे। सरसों की शोभा देखकर वह मंत्रमुग्ध हो गईं और फूल तोड़कर अपना श्रृंगार करने के बाद आगे बढ़ीं। आगे जाने पर एक गन्ने के खेत से लक्ष्मी जी गन्ने तोड़कर रस चूसने लगीं।




उसी क्षण विष्णु जी आए और यह देख लक्ष्मी जी पर नाराज होकर उन्हें शाप दे दिया कि मैंने तुम्हें इधर आने को मना किया था,पर तुम न मानी और किसान की चोरी का अपराध कर बैठी। अब तुम इस अपराध के जुर्म में इस किसान की 12 वर्ष तक सेवा करो। ऐसा कहकर भगवान उन्हें छोड़कर क्षीरसागर चले गए। तब लक्ष्मी जी उस गरीब किसान के घर रहने लगीं। एक दिन लक्ष्मीजी ने उस किसान की पत्नी से कहा कि तुम स्नान कर पहले मेरी बनाई गई इस देवी लक्ष्मी का पूजन करो,फिर रसोई बनाना,तब तुम जो मांगोगी मिलेगा। किसान की पत्नी ने ऐसा ही किया। पूजा के प्रभाव और लक्ष्मी की कृपा से किसान का घर दूसरे ही दिन से अन्न, धन, रत्न, स्वर्ण आदि से भर गया। लक्ष्मी ने किसान को धन–धान्य से पूर्ण कर दिया। किसान के 12 वर्ष बड़े आनंद से कट गए। फिर 12 वर्ष के बाद लक्ष्मीजी जाने के लिए तैयार हुईं। विष्णुजी लक्ष्मीजी को लेने आए तो किसान ने उन्हें भेजने से इंकार कर दिया। तब भगवान ने किसान से कहा कि इन्हें कौन जाने देता है,यह तो चंचला हैं, कहीं नहीं ठहरतीं। इनको बड़े–बड़े नहीं रोक सके।

इनको मेरा शाप था इसलिए 12 वर्ष से तुम्हारी सेवा कर रही थीं। तुम्हारी 12 वर्ष सेवा का समय पूरा हो चुका है। किसान हठपूर्वक बोला कि नहीं अब मैं लक्ष्मीजी को नहीं जाने दूंगा। तब लक्ष्मीजी ने कहा कि हे किसान तुम मुझे रोकना चाहते हो तो जो मैं कहूं वैसा करो। कल तेरस है। तुम कल घर को लीप–पोतकर स्वच्छ करना। रात्रि में घी का दीपक जलाकर रखना और शायंकाल मेरा पूजन करना और एक तांबे के कलश में रुपए भरकर मेरे लिए रखना,मैं उस कलश में निवास करूंगी। किंतु पूजा के समय मैं तुम्हें दिखाई नहीं दूंगी। इस एक दिन की पूजा से वर्ष भर मैं तुम्हारे घर से नहीं जाऊंगी। यह कहकर वह दीपकों के प्रकाश के साथ दसों दिशाओं में फैल गईं। अगले दिन किसान ने लक्ष्मीजी के कथानुसार पूजन किया। उसका घर धन–धान्य से पूर्ण हो गया। इसी वजह से हर वर्ष तेरस के दिन लक्ष्मीजी की पूजा होने लगी।

**धनतेरस के सन्दर्भ में एक लोक कथा प्रचलित है** कि एक बार यमदूतों ने यमराज से प्रश्न किया कि अकाल मृत्यु से बचने का कोई उपाय है क्या। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए यम देवता ने कहा कि जो प्राणी धनतेरस की संध्या यम के नाम पर दक्षिण दिशा में दीया जलाकर रखता है उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है। इस मान्यता के अनुसार धनतेरस की संध्या लोग आँगन में यम देवता के नाम पर दीप जलाकर रखते हैं। इस दिन लोग यम देवता के नाम पर व्रत भी रखते हैं।



**धनतेरस की पौराणिक कथा**

एकबार मृत्यु के देवता यमराज ने यमदूतों से प्रश्न किया कि क्या कभी मनुष्य के प्राण लेने में तुमको कभी किसी पर दया आती है। यमदूतों ने कहा कि नहीं महाराज, हम तो केवल आपके दिए हुए निर्देषों का पालन करते हैं। फिर यमराज ने कहा कि बेझिझक होकर बताओं कि क्या कभी मनुष्य के प्राण लेने में दया आई है। तब एक यमदूत ने कहा कि एकबार ऐसी घटना हुई है, जिसको देखकर हृदय पसीज गया। एक दिन हंस नाम का राजा शिकार पर गया था और वह जंगल के रास्ते में भटक गया था और भटकते–भटकते दूसरे राजा की सीमा पर चला गया। वहां एक हेमा नाम का शासक था, उसने पड़ोस के राजा का आदर–सत्कार किया। उसी दिन राजा की पत्नी ने एक पुत्र को जन्म भी दिया।

ज्योतिषों ने ग्रह–नक्षत्र के आधार पर बताया कि इस बालक की विवाह के चार बाद ही मृत्यु हो जाएगी। तब राजा ने आदेश दिया कि इस बालक को यमुना तट पर एक गुफा में ब्रह्मचारी के रूप में रखा जाए और स्त्रियों की परछाई भी वहां तक नहीं पहुंचनी चाहिए। लेकिन विधि के विधान को कुछ और ही मंजूर था। संयोगवश राजा हंस की पुत्री यमुना तट पर चली गई और वहां राजा के पुत्र को देखा। दोनों ने गन्धर्व विवाह कर लिया। विवाह के चार दिन बाद ही राजा के पुत्र की मृत्यु हो गई। तब यमदूत ने कहा कि उस नवविवाहिता का करुण विलाप सुनकर हृदय पसीज गया था। सारी बातें सुनकर यमराज ने कहा कि क्या करें, यह तो विधि का विधान है और मर्यादा में रहते हुए यह काम करना पड़ेगा।

यमराज ने बताया उपाय

यमदूतों ने पूछा कि ऐसा कोई उपाय है, जिससे अकाल मृत्यु से बचा जा सके। तब यमराज ने कहा कि धनतेरस के दिन विधि विधान के साथ पूजा–अर्चना और दीपदान करने से अकाल मृत्यु नहीं होती। इसी घटना की वजह से धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है और दीपदान किया जाता है। इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। कहीं कहीं लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन (वस्तु) खरीदने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग–बगीचों में या खेतों में बोते हैं।

नारनौल का सबसे विशाल फर्नीचर शोरुम
फर्नीचर की शानदार व जानदार रेंज उपलब्ध
अम्बिका फर्नीचर
रेवाड़ी रोड़, सरस्वती गार्डन के पास, नारनौल
9315570014
7027029411

SHREE KRISHAN SR. SEC. SCHOOL
Affiliated to CBSE (Aff. No. : 531421)
शिक्षा संस्कार अनुशासन
BHUNGARKA, N. CHOUDHARY (NARNAUL) H.R.
शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम की और बढ़ते कदम.......
MATHEMATICS 100 / 100 SONAL D/O SH. KRISHAN KUMAR
2nd POSITION (ALL HARYANA) STATE LEVEL SCIENCE ESSAY WRITING COMPETITION RITU D/O SH. JAGJEET
MATHEMATICS 100 / 100 AARISH S/O SH. YOGESH
OUR SUPERB ACHIEVEMENTS BOARD MERIT 477 CLAT 06 NEET 85 NDA 12 VVM 52 NSTSE 27 NTSE 05 IIT-JEE 95 AISSEE 83
ADMISSION Open 2025-26 Nur. to XII (All Stream)
9416602144 || 9416885781 || 9467139824 || 7404144465

HINDU SCHOOL Estd. 2002
Affiliated to HBSE School Code - 12218
Adarsh Colony, Near Railway Station, M/Garh
English Medium day boarding Co-Educational School
Run By : Vidhya Bharti Shiksha Samiti, Lawan
हिन्दू स्कूल परिवार की ओर से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Principal MRS. SARITA YADAV (Ph. : 9467810866)
Managing Director Mr. Gajender Yadav (Ph. : 9466476836)
Chairman Mr. Naresh Yadav (Ph. : 9416475326)
राधे-राधे बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर

English Medium NATIONAL MODEL SCHOOL & KIDS BLOSSOM Affiliated to HBSE
National Model School M/Garh (Hr) ESTD. 1993 तमसो मां ज्योतिर्गमय
Kids 1st to 12th (Science, Commerce & Arts) Co-Educational School
RAILWAY ROAD, KARAMCHARI COLONY, MOHINDERGARH (HR.)
नेशनल मॉडल स्कूल एंड किड्स ब्लॉसम परिवार की ओर से
सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रबंधक प्रमोद शास्त्री मो. 9416330051, 9991130051
प्राचार्य ओमप्रकाश यादव मो. 9416711941

GYANKOSH — A Global School
KANHAIYALAL MAHADEVI SINGHAL FOUNDATION
Village: Kharkhara (Akoda), District: Mahendergarh-123 029, Haryana
ENGLISH MEDIUM (SYLLABUS-CBSE PATTERN) CALL NOW : 9050-316431, 9416-316431
सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली के पावन पर्व की की हार्दिक शुभकामनाएं
Sri Bhagwan Das Agarwal -Industrialist & Philanthropist
Sri Suresh Kumar Agrawal - Industrialist & Philanthropist
Sri Puranmal Agrawal - Industrialist & Philanthropist
RUN BY KANHAIYALAL MAHADEVI SINGHAL FOUNDATION
Regd. Office: 1, Crooked Lane, Kolkata -700 069, West Bengal
Formerly : Bal Ganesha Kids Care & Play School

MODERN SR.SEC. SCHOOL
Gomla Road Bhojawas CBSE Affiliated (Aff.No 530801) school code-40777
Special Coaching for
Sainik School | Military School | CLAT | Navodaya School | MNSS Rai | NEET, JEE | CA Foundation | Foundation Classes for NDA Special
Achievements
12 Selections in Rai sports School Sonipat; 15 Selection in Navodaya; 9 Selections in MBBS; 2 selections in BAMS; 71 students All India Sainik School Entrance Exam Qualifier; 8 students JEE Mains qualifier; 2 students JEE Advance qualifier; 1 selection in veterinary; 2 selections in BSc nursing; 2 students CA Foundation qualifier
सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Amarjeet Yadav Chairman 8539950000
Raj Kumar Yadav Managing Director 9467332666
Hawa Singh Yadav Director 9416710036